अमर उजाला 28/02/2026

# टेकस्पार्क-26 में विद्यार्थियों ने दिखाया तकनीकी हुनर

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज द्वारा टेकस्पार्क-26 का आयोजन किया गया। यह आयोजन कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इसके तहत आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने किया। इस दौरान ब्लाइंड कोडिंग, बिजाथॉन, बेस्ट मैनेजर और रील मेकिंग सहित 11 प्रमुख प्रतियोगिताओं में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन यादव और एचओडी श्याम रहेजा ने नवाचार और टीमवर्क के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति और डिजिटल युग की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन विजेताओं के सम्मान और कॉलेज प्रशासन के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। संवाद